Rajasthan Patrika   Edition Delhi
4.2.2017 Page 12
Height 17.65cm Width 6.97 cm

यूआईडीएआई...

24 फर्जी वेबसाइट और एप बंद

नई दिल्ली. यूआईडीएआई ने आधार से जुड़ी सेवाओं की पेशकश करने और जनता से इसके लिए शुल्क वसूलने वाली अवैध एजेंसियों पर शिकंजा कसते हुए 12 वेबसाइट और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध इस प्रकार की 12 मोबाइल एप को बंद कर दिया है। यूआईडीएआई ने इस तरह की 26 और अवैध वेबसाइट एवं मोबाइल एप को बंद करने के लिए एजेंसियों को निर्देश दिए हैं। यूआईडीएआई के सीईओ अजय भूषण पांडे ने कहा कि कुछ वेबसाइटें और मोबाइल एप यह कहकर नागरिकों से उनका आधार नंबर और मूलभूत जानकारी हासिल कर रहे हैं कि उन्हें आधार कार्ड और इससे जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि फर्जी वेबसाइटों को नहीं माफ किया जाएगा।